# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 02 जून 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 55 हजार 175 सैम्पलों की हुई जांच, प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 3.2 प्रतिशत

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 02 जून को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 3.2 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 55 हजार 175 सैंपलों की जांच में से 1792 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## प्रदेश में 01 जून तक पहली और दूसरी खुराक मिलाकर कुल 70 लाख 40 हजार से अधिक कोविड वैक्सीन की डोज दी गई

- प्रदेश में (01 जून तक) 45 वर्ष से अधिक के लोगों को लगाए गए पहले और दूसरे डोज एवं 18 से 44 आयु वर्ग के लोगों को कोरोना से बचाव के लिए लगाए गए पहले टीके को मिलाकर कुल 70 लाख 40 हजार से अधिक टीके लगाए गए हैं। इनमें स्वास्थ्य कर्मियों को पहली डोज 3 लाख 6 हजार 421 एवं 2 लाख 25 हजार 558 को दूसरी डोज, फ्रंटलाइन वर्कर्स को पहली डोज 3 लाख 10 हजार 374 एवं 1 लाख 93 हजार 033 को दूसरी डोज दी गई। 45 वर्ष से अधिक उम्र के 45 लाख 20 हजार 485 नागरिकों और 18 से 44 वर्ष के 7 लाख 89 हजार 690 व्यक्ति शामिल हैं। व्यापक स्तर पर टीकाकरण से कोरोना संक्रमण का प्रसार रोकने में बहुत मदद मिल रही है।

## कोरोना के लक्षण वाले लोगों को निःशुल्क दवा किट, अब तक 20.11 लाख लोगों को दी गई दवा

- छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए 20 लाख 11 हजार 266 संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयों की किट वितरित की गई है। विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के त्वरित इलाज और उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाने के लिए मितानिनों एवं सर्विलेंस टीमों द्वारा दवाईयों की किट निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। इस किट में आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन, पैरासिटामॉल, विटामिन-सी और जिंक की टैबलेट शामिल हैं। कोविड-19 के संदिग्ध मरीजों को दवा किट उपलब्ध कराने के अच्छे परिणाम आए हैं। इससे पूरे प्रदेश में संक्रमण की रफ्तार को रोकने में मदद मिली है।

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अब तक (01 जून तक) कोरोना के लक्षण वाले 8 लाख 68 हजार 727 लोगों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। जांच केंद्रों और अस्पतालों में कोरोना जांच के लिए पहुंच रहे इसके लक्षण वाले 7 लाख 97 हजार 113 लोगों को भी दवा किट मुहैया कराई गई है। मितानिनों और सर्विलेंस टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व कन्टेनमेंट जोनों में एक्टिव सर्विलेंस के दौरान मिले 3 लाख 45 हजार 426 व्यक्तियों को भी कोरोना के इलाज और बचाव के लिए दवाईयां दी गई हैं।

## आज दिनांक 02 जून 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 7,91,375 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 1685 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 133, बीपीएल के 776, एपीएल के 690 फ्रंटलाइन वर्कर के 86 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 1792 |
| | | कुल | 975141 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 726 |
| | | कुल* | 158579 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 2518 |
| | | कुल* | 771810 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 3244 |
| | | कुल | 930389 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 31635 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल - 40 | कोविड–19 | 21 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 19 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्चार्ज की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

**आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 55,175**

←—— मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं ——→

## छतीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 02-06-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 36 | 95595 | 9 | 13908 | 97 | 79135 | 93043 | 782 | 2 | 1770 |
| 2 | राजनांदगांव | 33 | 55614 | 4 | 12465 | 86 | 42175 | 54640 | 473 | 2 | 501 |
| 3 | बालोद | 30 | 26669 | 49 | 8715 | 43 | 16957 | 25672 | 621 | 1 | 376 |
| 4 | बेमेतरा | 17 | 19637 | 3 | 3228 | 15 | 15577 | 18805 | 602 | 1 | 230 |
| 5 | कबीरधाम | 8 | 22509 | 1 | 2273 | 55 | 19488 | 21761 | 483 | | 265 |
| 6 | रायपुर | 94 | 156073 | 63 | 29860 | 117 | 122088 | 151948 | 1020 | 4 | 3105 |
| 7 | धमतरी | 66 | 26224 | 5 | 2528 | 15 | 22304 | 24832 | 871 | 1 | 521 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 130 | 41711 | 47 | 8472 | 115 | 31181 | 39653 | 1611 | 1 | 447 |
| 9 | महासमुंद | 67 | 30608 | 10 | 3872 | 100 | 25181 | 29053 | 1210 | | 345 |
| 10 | गरियाबंद | 32 | 19205 | 0 | 3434 | 55 | 14940 | 18374 | 645 | | 186 |
| 11 | बिलासपुर | 33 | 64687 | 20 | 7166 | 71 | 55782 | 62948 | 548 | 2 | 1191 |
| 12 | रायगढ़ | 133 | 61115 | 65 | 12018 | 139 | 45618 | 57636 | 2542 | 6 | 937 |
| 13 | कोरबा | 69 | 53525 | 30 | 4673 | 84 | 46765 | 51438 | 1536 | 3 | 551 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 166 | 55562 | 14 | 7687 | 212 | 45018 | 52705 | 2081 | 3 | 776 |
| 15 | मुंगेली | 20 | 23609 | 0 | 942 | 65 | 21348 | 22290 | 1156 | 2 | 163 |
| 16 | गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 39 | 11750 | 12 | 744 | 80 | 10036 | 10780 | 829 | | 141 |
| 17 | सरगुजा | 102 | 32426 | 31 | 3751 | 189 | 26070 | 29821 | 2371 | 1 | 234 |
| 18 | कोरिया | 99 | 25785 | 16 | 1607 | 249 | 21835 | 23442 | 2180 | | 163 |
| 19 | सूरजपुर | 138 | 28007 | 6 | 1945 | 197 | 23236 | 25181 | 2612 | 2 | 214 |
| 20 | बलरामपुर | 66 | 19389 | 5 | 1425 | 152 | 15904 | 17329 | 1948 | | 112 |
| 21 | जशपुर | 103 | 25276 | 53 | 4558 | 118 | 18709 | 23267 | 1817 | 2 | 192 |
| 22 | बस्तर | 53 | 19048 | 41 | 4349 | 66 | 13142 | 17491 | 1380 | 2 | 177 |
| 23 | कोंडागांव | 29 | 12248 | 10 | 1657 | 69 | 9875 | 11532 | 622 | 1 | 94 |
| 24 | दंतेवाडा | 36 | 9753 | 25 | 4186 | 28 | 5224 | 9410 | 321 | 1 | 22 |
| 25 | सुकमा | 90 | 6067 | 17 | 3529 | 5 | 2357 | 5886 | 166 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 20 | 22742 | 10 | 3331 | 82 | 18657 | 21988 | 545 | 2 | 209 |
| 27 | नारायणपुर | 20 | 3514 | 149 | 2771 | 6 | 665 | 3436 | 68 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 60 | 6098 | 31 | 2939 | 8 | 2543 | 5482 | 575 | 1 | 41 |
| 0 | अन्य राज्य | 3 | 695 | 0 | 546 | 0 | 0 | 546 | 20 | | 129 |
| | **महायोग** | **1792** | **975141** | **726** | **158579** | **2518** | **771810** | **930389** | **31635** | **40** | **13117** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →